## प्रभारी फूड कंट्रोलर समेत 4 अधिकारियों के तबादले

# जांच का दायरा बढ़ा : मझौली धान खरीदी घोटाले की आंच तेज

**जबलपुर।** मझौली में सामने आए 5,168 क्विंटल धान खरीदी फर्जीवाड़े की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। प्रशासन ने मामले में सख्ती बढ़ाते हुए प्रभारी जिला खाद्य नियंत्रक सीमा बोरसिया सहित तीन जूनियर सप्लाई अधिकारियों (जेएसओ) और एक अन्य अधिकारी का तबादला कर दिया है। इससे पहले इस प्रकरण में तीन अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की लगातार कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि प्रशासन केवल निचले स्तर तक सीमित रहने के बजाय पूरी खरीदी व्यवस्था की परतें खोलने के मूड में है। यही वजह है कि खाद्य विभाग और मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के दफ्तरों में इन दिनों असहजता का माहौल बना हुआ है।

### इस प्रकरण में तीन अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है



#### पुराने घोटालों की याद ताजा

मझौली का यह मामला प्रदेश में समय-समय पर सामने आए समर्थन मूल्य खरीदी घोटालों की याद भी ताजा कर रहा है। अतीत में भी कई जिलों में कागजी खरीदी, फर्जी परिवहन, अमानक भंडारण और रिकॉर्ड में हेराफेरी के मामले सामने आते रहे हैं, जिनमें करोड़ों रुपये की सरकारी राशि दांव पर लगी थी। मझौली प्रकरण को भी अधिकारी उसी श्रेणी के गंभीर मामलों में गिन रहे हैं, क्योंकि यहां हजारों क्विंटल धान की खरीदी पर सवाल खड़े हुए हैं।

#### जांच के घेरे में कई चेहरे

सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक संजय सिंह पर भी विभागीय निगाहें टिकी हुई हैं। वहीं सहायक खाद्य अधिकारी प्रमोद मिश्रा पहले से ही एफआईआर का सामना कर रहे हैं। खरीदी सीजन के दौरान उन्हें फ्लाइंग स्क्वॉड का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था, जिससे उनकी भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

#### दोनों विभागों में बढ़ी बेचैनी

लगातार हो रही कार्रवाई के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में चिंता बढ़ गई है। विशेष रूप से वे अधिकारी, जो खरीदी, सत्यापन, परिवहन और भंडारण प्रक्रिया से जुड़े रहे हैं, जांच की दिशा पर नजर बनाए हुए हैं।

#### अब अगला नंबर किसका?

विभागीय गलियारों में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा इसी सवाल की है। जांच एजेंसियां खरीदी प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज, भुगतान रिकॉर्ड, परिवहन व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल कर रही हैं। सूत्रों का दावा है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और आने वाले दिनों में कुछ और बड़े नाम कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। मझौली धान खरीदी फर्जीवाड़ा अब केवल एक अनियमितता का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह सरकारी खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है। प्रशासनिक कार्रवाई की रफ्तार को देखकर माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में कई और चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं।

## जिले में 10 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

# वीआईपी मूवमेंट के बीच नीट परीक्षा पर विशेष व्यवस्था

**जबलपुर।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट ) का आयोजन 21 जून को किया जाएगा। जबलपुर जिले में इस परीक्षा में 10 हजार 426 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए शहर में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सफल संचालन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपी गई है, जिसके तहत व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विशेष बात यह है कि 21 जून को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी जबलपुर दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में वीवीआईपी मूवमेंट और नीट परीक्षा के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने यहां कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न

NIIT

हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएंगी।

इस बार छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा पहली बार विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के बैठने के लिए शेड बनाए जाएंगे, जहां कूलर, पंखे और नाश्ते की अस्थायी कैंटीन की भी व्यवस्था रहेगी।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान गर्मी और बिजली संबंधी किसी भी समस्या से बचने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त बिजली, पंखे और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 21 जून को दोपहर 12 बजे तक शहर के पेंटीनाका चौक से विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए बसें संचालित की जाएंगी।

परीक्षा की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर और बायोमैट्रिक मशीनें परीक्षा से दो दिन पहले यानी 19 जून तक स्थापित कर दी जाएंगी। वहीं 20 जून को इन सभी व्यवस्थाओं का अंतिम ट्रायल किया जाएगा।

# हत्यारे को 10 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** खेत में गड़े सब्बल को उठाकर ले जाने के विवाद में युवक की हत्या करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) सुनील कुमार की अदालत ने आरोपी पुरुषोत्तम पटेल को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया।

अभियोजन के अनुसार 15 अगस्त 2023 को राकेश चौधरी, संदीप चौधरी तथा उनके साथी नंदी चौधरी, प्रेमलाल चौधरी और गोलू चौधरी मछली पकड़ने के लिए गौर नदी स्थित भोला घाट गए थे। इसी दौरान संदीप चौधरी ने पास के खेत में गड़ा हुआ सब्बल निकाल लिया। यह खेत मुन्नालाल यादव का था, जिसे सिकमी पर भीखम पटेल ने लिया था और उसकी देखरेख आरोपी पुरुषोत्तम पटेल करता था।

सब्बल को लेकर हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पुरुषोत्तम पटेल ने लाठी से संदीप चौधरी पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान संदीप की मृत्यु हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे राकेश चौधरी के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इस मामले में खमरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया. मामले की जिरह के दौरान विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लई ने प्रभावी पैरवी की उनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी पुरुषोत्तम पटेल को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग-2 के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं राकेश चौधरी को चोट पहुंचाने के अपराध में धारा 323 के तहत छह माह के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई।

## समान नागरिक संहिता के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की जन परामर्श बैठक आज

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक गुरूवार को 18 जून को दोपहर 3.30 बजे भंवरताल उद्यान के समीप स्थित संस्कृति भवन जन होगी। बैठक में सांसद, विधायक सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बार काउंसिल के सदस्य, महिला एवं बाल अधिकार से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठनों तथा सभी समुदायों के प्रतिनिधि एवं अन्य जन प्रतिनिधि उच्च स्तरीय समिति के समक्ष समान नागरिक संहिता पर अपने सुझाव समिति के समक्ष रख सकेंगे। समान नागरिकता संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह, अनूप नायर, प्रो. गोपाल शर्मा, बुधपाल सिंह एवं डॉ. शोभा पैठणकर इस बैठक में शामिल होंगे।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप, जमानत की मांग पर सुनवाई

# पूर्व विधायक शशांक भार्गव के मामले में वीडियो देखेगा हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष कांग्रेस के पूर्व विधायक और अब भाजपा नेता शशांक भार्गव की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने व्यवस्था दी कि जमानत अर्जी पर निर्णय से पूर्व प्रकरण से संबंधित वीडियो का कोर्ट अवलोकन करेगा। यह मांग भार्गव के वकील ने की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह मांग इस मंशा से की गई, ताकि यह साफ हो सके कि घटनाक्रम की वास्तविकता क्या थी। साथ ही वीडियो की तकनीकी तस्दीक भी हो सके।

शशांक भार्गव के खिलाफ विदिशा जिले में भारतीय न्याय संहिता की धारा



108 के तहत आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का मामला दर्ज है। आरोप है कि आर्थिक लेन-देन और कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर गोविन्द सिंह गुर्जर ने आत्महत्या की थी। जांच के दौरान पुलिस ने वायरल वीडियो, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और परिजनों के बयानों को महत्वपूर्ण साक्ष्य बताया है। इनके आधार पर पूर्व विधायक को आरोपी बनाया गया।

### ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की मांग निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की मांग निरस्त कर दी है। दरअसल भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। जिसके बाद दिये गये अवसरों और चेतावनी के बावजूद भी अभिषेक के पैरोकार बहस के लिये उपस्थित नहीं हुए। जिसे गंभीरता से लेते हुए जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने लगाई गई रोक हटा ली है।कोर्ट ने रजिस्ट्री को उक्त आदेश की कापी तत्काल ट्रायल कोर्ट को भेजने के निर्देश दिये है। दरअसल, मानहानि का केस आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है। नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

## *राहुल गांधी की याचिका पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, भोपाल कोर्ट का रिकार्ड तलब*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय की आर्डर-शीट और संबंधित रिकार्ड तलब करते हुए याचिकाकर्ता पक्ष को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 23 जून को नियत की गई है। दरअसल, यह मामला पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि परिवाद से जुड़ा है। कार्तिकेय का आरोप है कि वर्ष 2018 में झाबुआ की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक प्रकरण का उल्लेख करते हुए उनका नाम लिया था, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची। इसी आधार पर भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया गया था, जिस पर विशेष मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था।

## 40 साल पुराने कब्जे पर बुलडोजर कार्रवाई पर हाई कोर्ट की रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने शहपुरा भिटोनी में कथित अतिक्रमण हटाने की नगर परिषद की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने शंभू प्रसाद राजक सहित नौ याचिकाकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए 11 जून, 2026 के ध्वस्तीकरण आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि वे 40-50 वर्षों से भूमि पर वैध दस्तावेजों के आधार पर काबिज हैं, जबकि बिना नोटिस और सुनवाई के तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया। कोर्ट ने मामले को 18 जून को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए तब तक ध्वस्तीकरण पर रोक बरकरार रखी है।

# बेटियों की पढ़ाई के लिए किया संघर्ष, स्व सहायता समूह से जुड़कर आज गांव की पहचान बनीं माया परस्ते

**जबलपुर।** सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भी यदि हौसला मजबूत हो तो सफलता की राह खुद बन जाती है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है जबलपुर जिले के ग्राम नरई की निवासी माया परस्ते की, जिन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि गांव में एक नई पहचान भी बनाई। रानी दुर्गावती समाधि स्थल के समीप स्थित ग्राम नरई की रहने वाली माया परस्ते आठवीं तक पढी.हैं। उनके परिवार में पति और दो बेटियां हैं। परिवार का मुख्य आधार 2 एकड़ खेती था, जिसमें गेहूं, चना और मूंग जैसी फसलें उगाई जाती थीं। हालांकि खेती से होने वाली आय परिवार के खर्च और बेटियों की शिक्षा के लिए पर्याप्त नहीं थी। ऐसे में माया परस्ते गांव में रहकर ही आय बढ़ाने के अवसर तलाश रही थीं। वर्ष 2019 में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांव में स्व-सहायता समूहों का गठन शुरू हुआ। माया परस्ते ने समूह से जुड़कर महिला सशक्तिकरण और समूह निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभानी शुरू की। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी समूहों से जोड़ने का कार्य किया, जिससे उन्हें मानदेय प्राप्त होने लगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़े।

कृषि कार्य का विस्तार करने के लिए माया ने समूह से दो बार 50-50 हजार रुपये का ऋण लिया और समय पर ब्याज सहित राशि चुकाई। आजीविका मिशन के सहयोग से उन्होंने जवाहर मॉडल के तहत अरहर की खेती की, जिससे बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त हुई। इसके साथ ही ऋण लेकर सीडिंग मशीन खरीदी, जिसे किराये पर देकर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर रही हैं। माया परस्ते आजीविका मिशन की विभिन्न गतिविधियों जैसे बीपीआरपी, लोकसेवा और लखपति दीदी अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान में वे त्रिवेणी संकुल स्तरीय संगठन में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, गांव में संचालित दीदी कैफे से जुड़कर भी अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं। आज माया परस्ते की मासिक आय करीब 12 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। गांव और आसपास के क्षेत्रों में उनकी पहचान एक सफल, आत्मनिर्भर और प्रेरणादायक महिला के रूप में बनी है। माया मानती हैं कि ग्रामीण आजीविका मिशन ने उन्हें आर्थिक मजबूती के साथ समाज में सम्मान और नई पहचान भी दिलाई, आज लखपति दीदी का सम्मान शासन से पा रही है। आजीविका मिशन की जिला विकास अधिकारी अंजुला मिश्रा का कहना है कि स्व-सहायता समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक पहचान भी दिला रहे हैं। संतकली और माया जैसी महिलाएं आज सरकार की ओर से सम्मानित लख पति दीदी के रूप में पहचानी जा रही है एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं, जो आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रही हैं।

### *उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मिनिस्टर-इन-वेटिंग नियुक्त*

**जबलपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 20 और 21 जून को प्रस्तावित जबलपुर प्रवास के दौरान उनकी अगवानी और विदाई की जिम्मेदारी राज्य शासन ने उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपी है। शासन द्वारा उन्हें मिनिस्टर-इन-वेटिंग नामित किया गया है, जो राष्ट्रपति के दौरे के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्वागत एवं विदाई संबंधी औपचारिकताओं का निर्वहन करेंगे।

### मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की मतगणना जारी

**जबलपुर ।** स्टेट बार की मतगणना कार्य को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से इसकी कार्यवाही का प्रतिदिन इंटरनेट माध्यम से प्रसारण किया जा रहा है। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज भी प्रसारित की जा रही है। प्रदेशभर के अधिवक्ता एवं मतदाता वास्तविक समय में संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन कर पा रहे हैं।

## अनाज उतारकर खाली वाहन वापस खड़ा किया

# मंडी से मूंग से भरा ट्रक ले गए चोर

**जबलपुर।** पाटन कृषि उपज मंडी में चोरी की एक अनोखी वारदात सामने आई है, जहां बदमाश मूंग से भरे ट्रक को मंडी परिसर से बाहर ले गए, पूरा माल दूसरे वाहन में उतार लिया और बाद में खाली ट्रक को उसी स्थान पर वापस खड़ा कर गए। घटना में करीब 80 क्विंटल मूंग चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार पाटन निवासी अनाज व्यापारी विकास अग्रवाल ने किसानों से खरीदी गई 134 बोरी मूंग एक ट्रक में भरकर मंडी परिसर में खड़ी करवाई थी। अगले दिन माल को जबलपुर भेजा जाना था। 16 जून की सुबह जब व्यापारी मंडी पहुंचे तो ट्रक अपनी जगह पर खड़ा मिला, लेकिन उसमें रखा पूरा अनाज गायब था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

#### घटना सीसीटीवी में कैद

जांच के दौरान मंडी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में देर रात करीब एक से दो बजे के बीच दो-तीन संदिग्ध ट्रक को मंडी से बाहर ले जाते दिखाई दिए हैं। पुलिस का अनुमान है कि आरोपियों ने सुनसान स्थान पर ट्रक से मूंग उतारकर दूसरे वाहन में लोड की और बाद में खाली ट्रक वापस मंडी परिसर में खड़ा कर दिया। पाटन थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और अज्ञात आरोपियों



के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना के बाद मंडी की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है। मंडी सचिव फूलसिंह ने बताया कि परिसर में चौबीस घंटे चौकीदार तैनात रहते हैं और घटना वाली रात भी कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद थे। पूछताछ में चौकीदारों ने बताया कि वे परिसर के बाहर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है।

## प्लास्टिक के डिब्बों में एक दिन में दिया जा सकेगा दो सौ लीटर तक डीजल

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पूर्व में पेट्रोल पंपों से प्लास्टिक के डिब्बे में डीजल प्रदाय करने पर लगाई गई रोक को एक आदेश जारी कर जिले के किसानों को तथा स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन के मद्देनजर शिथिल कर दिया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब जिले में स्थित पेट्रोल पंपों से किसानों तथा स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं से व्यक्ति अथवा संस्थान को पहचान और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद एक दिन में एक बार अधिकतम 200 लीटर तक डीजल प्लास्टिक के डिब्बों में प्रदाय किया जा सकेगा। आदेश में पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों, स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित व्यक्ति अथवा संस्थान को डीजल विक्रय की जानकारी निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से दर्ज करें और प्रत्येक ग्राहक को रसीद अवश्य जारी करें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि डीजल विक्रय से संबंधित अभिलेखों के संधारण एवं सत्यापन की पूर्ण जिम्मेदारी पेट्रोल पंप संचालक की होगी। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी और निरीक्षण करने का दायित्व संबंधित आयल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों एवं क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारियों को सौंपा है, जो सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण कर निर्देशों का पालन नहीं करने वाले पंप संचालकों पर कार्यवाही करेंगे।

## राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थलों और आवागमन मार्ग ‘नो फ्लाइंग जोन’ घोषित

**जबलपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 20 और 21 जून के प्रस्तावित जबलपुर प्रवास को देखते हुये सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने आदेश जारी कर डुमना विमानतल, गेरिसन ग्राउंड, सर्किट हाउस क्रमांक-एक, एमईएस रेस्ट हाउस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा डुमना विमानतल से गेरीसन ग्राउंड तक के आवागमन मार्ग की 15 किलोमीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन एवं रेड जोन घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी यह आदेश 20 जून की सुबह 10 बजे से 21 जून की रात 10 बजे लागू रहेगा। इस अवधि के दौरान इन चिन्हित क्षेत्रों के पंद्रह किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून या किसी भी प्रकार की फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध ‘वायुयान अधिनियम 1934’ और अन्य संबंधित धाराओं के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में ग्लोबल स्किल पार्क बनाने का प्रस्ताव

**जबलपुर।** महाकौशल क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में ग्लोबल स्किल पार्क स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र सौंपकर लगभग 15 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। प्रस्तावित स्किल पार्क में उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप विश्वस्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था किए जाने की बात कही गई है, जिससे क्षेत्र के युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी और उन्हें देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अवसर मिल सकेंगे। विधायक रोहाणी ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क बनने से जबलपुर में औद्योगिक निवेश और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तथा महाकौशल क्षेत्र कौशल विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से शहर के मास्टर प्लान को जारी करने, जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह का आयोजन जबलपुर में कराने तथा गौर नदी के जीर्णोद्धार कार्य के अवलोकन के लिए शहर आने का आग्रह भी किया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज भी मौजूद रहे।



## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद जनसंपर्क अभियान

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद आशीष दुबे ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में जनसंवाद, पौधारोपण और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में भाग लिया। सांसद दुबे ने शहीद भगत सिंह मंडल, वीर सावरकर मंडल, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल एवं छत्रपति शिवाजी मंडल में आमजन, प्रबुद्धजनों, व्यापारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।सांसद दुबे विधायक अशोक रोहाणी के साथ सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड में आयोजित "संकल्प से समाधान" जनकल्याण शिविर में भी शामिल हुए, जहां हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वर्ण मंदिर के रागी जत्थों का नगरागमन

# गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस पर भव्य कीर्तन दरबार आज

**जबलपुर।** सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज, श्री गुरुग्रंथ साहिब के सृजक, गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस समारोह गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर प्रांगण में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक तथा रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि11.30 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार, गुरु का लंगर, छबील वितरण आदि कार्यक्रमों के साथ आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। अपराह्न 12 बजे से श्री दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह कोहारका कथाकार ज्ञानी मनदीप सिंह मुरीद, कथा प्रवाह के साथ गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। इसके साथ ही रागी जत्था भाई बलजीत सिंह, गोरखपुर एवं स्त्री सत्संग सभा सहित अनेक विद्वतजन आदि शिरकत करेंगे। गुरु का लंगर, मीठी छबील दिनभर वितरित किया जाएगा । प्रधान साहब रजिंदर सिंह छावड़ा, हरजीत सिंह सूदन कुक्कू, मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की, सोनू सलूजा, करनैल सिंह छाबड़ा एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है। आज अमृतसर से जबलपुर आगमन पर डुमना हवाई अड्डे में रागी जत्थों का भावभीना स्वागत किया गया। दूसरी तरफ साध संगत द्वारा रातभर गुरु का लंगर एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु कारसेवा की गई । बदलते मौसम के अनुरूप यहां तारपालयुक्त विशाल पंडाल तैयार किया गया है । वहीं खंडा चौक गुरुद्वारों को सज्जित किया गया है।




## मुफ़्ती-ए-आज़म के ऐलान के साथ मुहर्रम का आगाज़

### शहरभर में परचम कुशाई और मजलिसों का सिलसिला शुरू

**जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी ने इस्लामी नए साल 1448 हिजरी और माहे मुहर्रम के आगाज़ का ऐलान किया। चाँद नज़र न आने के बावजूद शरई गवाही के आधार पर पहली मुहर्रम घोषित की गई। इसके साथ ही शहर के इमामबाड़ों और इमाम चौकों में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई है। मुफ़्ती-ए-आज़म सहित मुस्लिम इस्लाह कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेशवासियों को नए इस्लामी वर्ष की मुबारकबाद देते हुए मुहर्रम को अमन, भाईचारे और शालीनता के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि 26 जून को यौमे आशूरा (10 मुहर्रम) मनाया जाएगा। मुहर्रम की शुरुआत के साथ ही शहर में शहीद-ए-कर्बला हज़रत इमाम हुसैन की याद में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया है। आनंद नगर स्थित दाऊद अली इमामबाड़ा, जैदी विला, जाहिद हुसैन इमामबाड़ा, गलगला शिया इमामबाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर मजलिसें और तकरीरें आयोजित की जा रही हैं।पहली मुहर्रम के अवसर पर शहरभर में परचम कुशाई, फातिहाखानी, नज़र-ओ-नियाज़ और तबर्रुक वितरण के कार्यक्रम हुए। गढ़ा स्थित सूपाताल कर्बला में हसनी हुसैनी सोसाइटी के तत्वावधान में परचम कुशाई की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। नया मोहल्ला और बंद कुआँ क्षेत्र में शहीदाने फिदाजाने हुसैन लंगर कमेटी द्वारा परचम कुशाई, नज़र-ओ-नियाज़ और छबील का आयोजन किया गया। वहीं सदर क्षेत्र में अब्बास अलमदार लंगर कमेटी ने फातिहाखानी और नज़र-ओ-नियाज़ का आयोजन किया। इसी तरह गढ़ा मुजावर मोहल्ला, बेदरा मोहल्ला, तकिया मोहल्ला और अन्य क्षेत्रों में भी परचम कुशाई एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में ताज़ियादार और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूरे शहर में मुहर्रम का माहौल अकीदत, सम्मान और शांति के साथ दिखाई दे रहा है।

## पोल खोल-हल्ला बोल कार्यक्रम में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**पाटन।** बढ़ती महंगाई, बिजली संकट, अवैध शराब बिक्री, अवैध रेत उत्खनन, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने पाटन तहसील के ग्राम पड़रिया व्योंहारी एवं बरोदा हड़ा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव की उपस्थिति में आयोजित "पोल खोल-हल्ला बोल" कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमसभा कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया।इस दौरान संजय यादव ने आरोप लगाया कि पाटन-मझौली विधानसभा क्षेत्र में सत्ताधारियों के संरक्षण में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन और स्टॉकिंग हो रही है, जबकि प्रशासन छोटी-मोटी कार्रवाई कर मामले को नजरअंदाज कर रहा है।ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि किसानों को खेत तैयार करने के लिए पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है, वहीं ट्रक चालकों को सीमित मात्रा में डीजल मिलने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि डीजल की किल्लत और ट्रांसपोर्ट व्यवस्था चरमराने से महंगाई बढ़ रही है तथा सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, जिससे आम जनता का बजट प्रभावित हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें राजेश तिवारी, संदीप गुरु, विवेक यादव, शिवराम पटेल, संजय यादव, नेकनारायण सिंह, बलदेव सिंह, बलराम पटेल, अनुज सिंह, निखिल तिवारी, बाबू यादव, देवेन्द्र यादव, प्रभु पटेल, जमील खान सहित अन्य शामिल रहे।



## महाराणा प्रताप जयंती पर शौर्य यात्रा को लेकर क्षत्रिय महासभा का संवाद, एकता और जागरूकता पर जोर

**जबलपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सिसौदिया पैलेस में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर शौर्य यात्रा की पूर्व संध्या पर समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक शक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सिंगरामऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा कि शौर्य यात्रा का उद्देश्य महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से समाज को परिचित कराना और युवाओं में प्रेरणा जगाना है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न कानूनी और सामाजिक मुद्दों पर समाज को संगठित होकर अपनी बात रखना आवश्यक है। प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसौदिया ने शौर्य यात्रा को क्षत्रिय समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक बताते हुए समाज को जागरूक करने पर बल दिया। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि वे समाज को जोड़ने और अंतिम पंक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में एडवोकेट डॉ. एपी सिंह, राघवेंद्र सिंह राजू, सुखवीर सिंह भदौरिया, महेंद्र सिंह राजावत, पंकज सिंह, वीरांगना सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष दमयंती चौहान, कुंवर सिंह राजपूत, मनोज भदौरिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।






## सब जेल सिहोरा में योग सप्ताह प्रारंभ बंदियों ने किया सामूहिक योग अभ्यास

**सिहोरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह के अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशन में प्रदेश की समस्त जेलों के साथ सब जेल सिहोरा में भी योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बंदियों एवं जेल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जेल से ऑनलाइन योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न आसनों,प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। बंदियों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव एवं नकारात्मक विचारों को कम करने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने के संबंध में जानकारी दी गई। जेलर दिलीप नायक ने बताया कि जेल में नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम किया जाता है। योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन योगाभ्यास,स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां तथा प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे बंदियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन को बढ़ावा मिल सके। 21 जून को जेल में बंदियों एवं स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा।



## खेल संस्कृति और अभिभावक कल्याण को मुख्यधारा में लाने की दिशा में कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर।** नगर निगम एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2020 से 2026 तक नर्चरिंग नेबरहुड्स पहल के अंतर्गत जबलपुर की यात्रा को प्रदर्शित करने और इसे उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से शहर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष, कलेक्टर, निगमायुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा अभिभावक कल्याण को मुख्यधारा में लाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही शहरी स्तर पर सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और सुरक्षित, स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण पर जोर दिया गया।

# मानेगाँव व मोहनिया तालाब का होगा कायाकल्प

### श्मशानघाट का जीर्णोद्धार और अंबेडकर पार्क में बनेगा शौर्य स्मारक

**जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में मानेगाँव एवं मोहनिया तालाब के कायाकल्प सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को लेकर पहल की गई है। कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान मानेगाँव और मोहनिया तालाबों के सौंदर्यीकरण की योजना पर विचार किया गया। इन तालाबों के आसपास आकर्षक लाइटिंग, वॉकिंग ट्रैक और हरियाली विकसित की जाएगी, जिससे यह स्थल नागरिकों के लिए सैर-सपाटे और मनोरंजन का केंद्र बन सकें। इसके साथ ही बड़ापत्थर क्षेत्र के श्मशानघाट के जीर्णोद्धार की भी योजना है, जिसके तहत शेड निर्माण, जलापूर्ति व्यवस्था, बैठने की सुविधा और बेहतर पहुंच मार्ग विकसित किए जाएंगे, ताकि अंतिम संस्कार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं अम्बेडकर पार्क में शौर्य स्मारक स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो देश के वीर जवानों के बलिदान और शौर्य को समर्पित होगा तथा युवाओं को प्रेरणा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, निशांत झारिया, अनुराग दाहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, पुष्पराज सेंगर, दशरथ पटैल, कैलाश रजक, हेमराज सराठे सहित निगम के अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।





## रामा-श्यामा तुलसी पौधों का निःशुल्क वितरण आज

**जबलपुर।** जबलपुर बड़ा फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में 18 जून गुरुवार को शाम 5 बजे निःशुल्क श्यामा-रामा तुलसी पौधों का वितरण किया जाएगा। बताया गया जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा एक लाख 4 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है, लगातार सेवा कार्य जारी है। उपस्थिति की अपील शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट स्पर्श अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल ने की है।




## श्री परशुराम सेवा संस्था ने ब्राह्मण मेधावी छात्र/छात्राओं को किया सम्मानित

**जबलपुर।** श्री परशुराम सेवा संस्था ने श्रीश तिवारी कक्षा 10वीं को उच्च श्रेणी में सफलता प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और संस्था द्वारा उनके उत्कृष्ठ एवं उज्वल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ आशा की है कि समाज के सभी मेधावी छात्र, छात्राएं समाज के आदर्श बनकर भारतीय समाज को अनवरत नई दिशा, ऊर्जा एवं सहयोग प्रदान करेंगे।




## विश्व रक्तदान दिवस पर रेलवे का वृहद रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल की सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान समाज सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है, जो जरूरतमंद लोगों को नया जीवन देने का कार्य करता है। शिविर के आयोजन में रेल चिकित्सालय तथा विक्टोरिया अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. संदीप चौहान, डॉ. अमितोज भल्ला, डॉ. विशाल कुमार और एम.के. गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।शिविर में एल्गिन एवं विक्टोरिया अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से लगभग 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। देवेन्द्र कुमार, अर्जुन हालदार, दुर्गा तिवारी, रमेश कुमार, अपराजिता सिन्हा, तुषार रैकवार, मुकेश यादव, अमित सोनी, नीरज कुंडे और मंजीत जैन सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने रक्तदान किया। समापन अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर के सफल संचालन में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के मंडल सचिव सादिक खान तथा उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रंगदारी वसूलने युवक को मारा चाकू

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत चांदमारी पहाड़ी के पास शराब पीने के लिए रंगदारी वसूलने एक बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार चांदमारी पहाड़ी निवासी 21 वर्षीय रूपेश नाहरे मंगलवार रात घर लौट रहा था। इसी दौरान हैंडपंप के पास उसकी मुलाकात निहाल सारवान से हुई। आरोपी ने शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगे। मना करने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर चाकू से हमला कर रूपेश के हाथ में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### झाड़ियों में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह बृजमोहन नगर से मांडवा मार्ग पर नव निर्मित सीएचसी के पास झाड़ियों में करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक शर्ट और पैंट पहने हुए था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।




**श्रीमती कविता चक्रवर्ती-** सुहागी महाराजपुर रोड निवासी श्री प्रभात रंजन चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती कविता चक्रवर्ती (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा चौरसिया-** रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री आनंद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा चौरसिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दमयंती तिवारी-** गंगानगर गढ़ा पुरवा निवासी श्री शिव कुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती तिवारी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखबीर सिंह छाबड़ा-** नयागांव हाउसिंग सोसायटी रामपुर निवासी श्री लखबीर सिंह छाबड़ा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री यशवंत सिंह रघुवंशी-** शिवाजी नगर ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री यशवंत सिंह रघुवंशी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक पटेल-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी श्री अशोक पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री कमल कुमार मिश्रा-** न्यू शोभापुर कॉलोनी व्हीकल निवासी श्री कमल कुमार मिश्रा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नैतिक राजपूत-** कांचघर चौक श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रवींद्र राजपूत के पुत्र श्री नैतिक राजपूत (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री संत लाल चौधरी-** अम्बेडकर नगर पोलीपाथर पंप हाउस नं. 2 के पास निवासी श्री संत लाल चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुजीत सिंह अर्खेल-** ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री जगदीश कुमार अर्खेल के पुत्र श्री सुजीत सिंह अर्खेल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विकास यादव-** बर्न कम्पनी रोड सिविल लाइन निवसी श्री विजय बहादुर यादव के पुत्र श्री विकास यादव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिनंदन हाजरा-** आजाद नगर रांझी निवासी श्री सुविनय हाजरा के पुत्र श्री अभिनंदन हाजरा (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भगवत शरण श्रीवास्तव-** काशी क्वाटर्स राइट टाउन निवासी श्री भगवत शरण श्रीवास्तव (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामलाल साकेत-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री रामलाल साकेत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शांता वानखेड़े-** इंद्रा नगर रामपुर शक्ति भवन रोड निवासी श्री पांडुरंग वानखेड़े की धर्मपत्नी श्रीमती शांता वानखेड़े (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 900/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

नेताओं और अहम स्थानों एवं हरियाणा के होटल की रेकी की

युवाओं की भर्ती और सौहार्द बिगाड़ने की भी साजिश

# एनसीआर-दिल्ली को दहलाने की साजिशः पाकिस्तान भेज रहे थे वीडियो-तस्वीर, फोन पर ढेरों मिले सबूत

*बड़ी संख्या में कारतूस, पिस्टल और रिवॉल्वर भी मिले*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली-एनसीआर को दहलाने की साजिश नाकाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय आतंकी-आपराधिक मॉड्यूल का पर्दाफाश कर सात गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। इस मॉड्यूल को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान में बैठा गैंगस्टर से आतंकी बना शहजाद भट्टी और उसका सहयोगी अजमल गुज्जर चला रहा था। गिरफ्तार संदिग्धों में छह गाजियाबाद के हैं। इनमें लोनी निवासी अनस उर्फ अनस त्यागी (26), मोहित उर्फ योगी (26), साबिर (30), आरिफ उर्फ प्रधान (30), ट्रोनिका सिटी निवासी



दीपक उर्फ दीपक एग्रोला (38), जतन (29) और पंजाब के फतेहगढ़ साहिब का करनवीर सिंह (26) शामिल हैं। इन सभी का पुराना आपराधिक इतिहास है। इन पर हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से अवैध हथियार, गोला-बारूद और ड्रग्स यानी नशीले पदार्थों जैसे हेरोइन और चिट्टा की तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार संदिग्धों के कब्जे से पांच अत्याधुनिक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल, 41 कारतूस, सात मोबाइल फोन, कई बैंक खातों का ब्योरा और सिंडिकेट की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली एक कार बरामद की है। मोबाइल फोन में भट्टी और गुज्जर से जुड़ी आपत्तिजनक चैट और वॉइस नोट शामिल हैं। पकड़े गए संदिग्धों में अनस, मोहित, दीपक, आरिफ, करनवीर सिंह पाकिस्तान में बैठे भट्टी और गुज्जर से सीधे संपर्क में थे।

### एक हजार से ज्यादा बार बातचीत हुई

*मोहित की तो गुज्जर से 1,000 से अधिक बार बातचीत हुई थी। साबिर सिंडिकेट का सक्रिय गुर्गा था और लॉजिस्टिक्स में मदद करता था। पुलिस ने बताया, पिछले महीने खुफिया जानकारी मिली थी कि आईएसआई के इशारे पर भट्टी और गुज्जर सोशल मीडिया के जरिये भर्ती किए स्थानीय युवाओं के जरिये दिल्ली-एनसीआर में हमले की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तार आरोपियों से दिल्ली-एनसीआर के कई सार्वजनिक स्थानों, कुछ हिंदू नेताओं, प्रमुख हस्तियों और हरियाणा के प्रसिद्ध भोजनालय की रेकी कराई थी।*

### गिरफ्तार आतंकी



1. सोहेल (26), निवासी बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा)
2. सोनू मीणा (30), निवासी घिटोरनी, दिल्ली
3. सचिन कुमार मीणा (20), निवासी दौसा (राजस्थान)
4. मोहम्मद कैफ (21), निवासी नूंह (हरियाणा)
5 .मोहम्मद रिहान (20), निवासी मेरठ (उत्तर प्रदेश)

### तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान के 5 आतंकी गिरफ्तार

*दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैंडलर शाहजाद भट्टी के नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 8 सदस्यीय इंटर स्टेट आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई में 5 और आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पांच पिस्टल, 10 कारतूस, शाहजाद भट्टी नेटवर्क के सदस्य आबिद जट्ट के पोस्टर और पुलिसकर्मियों का पीछा करने व धमकी देने वाले वीडियो बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह मॉड्यूल दिल्ली और आसपास के राज्यों में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने वाला था। इसके साथ ही आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान का प्रचार-*

## खबर संक्षेप

### भारतीय रेस्तरां संकट में सरकार से बचाने गुहार

**लंदन।** दुनिया के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक, मिशेलिन-स्टार विजेता वीरास्वामी



पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। मार्च 1926 में शुरू हुए इस 100 साल पुराने ऐतिहासिक रेस्तरां को रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्ट्री हाउस से जबरन हटाया जा रहा है। इमारत के मालिक क्राउन एस्टेट ने नवीनीकरण का हवाला देकर पट्टे (लीज) को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है, जिसके खिलाफ इस महीने के अंत में कानूनी लड़ाई होनी है। रेस्तरां को बचाने के लिए ओनर रणजीत मथरानी ने भारत से हस्तक्षेप की अपील की है।

### भारत-पाक हवाई प्रतिबंध एक महीने और बढ़ा

**लाहौर।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों (असैन्य और सैन्य) के अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर लगे



प्रतिबंध को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है। यह रोक पहली बार अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पैदा हुए तनाव के कारण लगाई गई थी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों पर ऐसा ही प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण के अनुसार, दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव कम होने के बावजूद कूटनीतिक कड़वाहट के कारण यह प्रतिबंध जारी रहेगा।

### पाकःसिख सेवादार दंपती की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मरदान जिले में बुधवार को एक गुरुद्वारे के भीतर



अज्ञात हमलावरों ने सिख सेवादार दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह दुखद घटना बाबू मोहल्ला इलाके में हुई। जिला पुलिस अधिकारी मसूद अहमद के अनुसार, मृतकों की पहचान जगन्नाथ और उनकी पत्नी आसमा वंती के रूप में हुई है। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमले के मकसद का पता लगाने सहित दोषियों को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

## क्या फिर युद्ध होगा? समझौते को लेकर संशय में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

# ट्रंप ने ईरान को फिर चेताया, कहा- अभी समझौता पक्का नहीं, पसंद नहीं आया तो बरसाएंगे बम

*ईरान के साथ हुआ समझौता संकट में फंसा*

एजेंसी ▶▶ एवियन

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में हुए समझौते को लेकर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को सख्त चेतावनी दी है। ट्रंप ने साफ कहा कि दोनों देशों के बीच हुआ समझौता अभी अंतिम नहीं है और यदि ईरान ने तय शर्तों का पालन नहीं किया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

ट्रंप के इस बयान ने संकेत दिया है कि दोनों देशों के बीच तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या यह समझौता अंतिम है, तो उन्होंने जवाब दिया, नहीं, यह अंतिम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह फिलहाल एक समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) है। ट्रंप ने कहा कि अगर मुझे यह पसंद नहीं आया तो हम फिर उन पर गोलीबारी शुरू कर देंगे। उनके सिर पर फिर बम गिराएंगे। उन्होंने दोहराया कि यदि ईरान ने समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई कर सकता है। ट्रंप के इस बयान को ईरान के लिए सीधी चेतावनी माना जा रहा है।

*ईरान के पुनर्निर्माण के लिए अमेरिकी निवेश या 300 अरब डॉलर की सहायता संबंधी खबरों को खारिज कर दिया*



### ट्रंप ने कहा-हम 10 सेंट भी नहीं देंगे

हाल के दिनों में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि समझौते के तहत ईरान को पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर की सहायता मिल सकती है। हालांकि ट्रंप ने इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हम 10 सेंट भी नहीं देने जा रहे हैं। हम कोई निवेश नहीं कर रहे हैं और हमारे पास ऐसा कोई फंड नहीं है। ट्रंप ने साफ किया कि अमेरिका ईरान में किसी तरह का आर्थिक निवेश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से ईरान को कोई पुनर्निर्माण पैकेज नहीं दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि वह खाड़ी देशों पर भी ईरान में निवेश करने का दबाव नहीं बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि अगर कोई खाड़ी देश निवेश करना चाहता है तो अमेरिका को उससे कोई आपत्ति नहीं होगी। ट्रंप ने कहा कि अगर वे निवेश करते हैं तो ठीक है, लेकिन मेरा मानना है कि वे कुछ समय तक ऐसा नहीं करेंगे, जब तक वे ईरान के व्यवहार को पूरी तरह नहीं देख लेते। ट्रंप के इस बयान से साफ है कि अमेरिका फिलहाल ईरान के प्रति सतर्क रुख बनाए रखना चाहता है और आगे की स्थिति ईरान के कदमों पर निर्भर करेगी।

### नरसंहार के आठवें स्टेज पर भारत अमेरिकी सांसद इल्हान उमर

*अमेरिका की डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर ने भारत को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल के एक कार्यक्रम*



*में उन्होंने दावा किया कि भारत नरसंहार के आठवें स्टेज पर पहुंच चुका है। उनका यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इसे लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। यह कार्यक्रम 7 जून को आयोजित हुआ था, लेकिन इसके वीडियो अब सामने आए हैं. कार्यक्रम का आयोजन किया था, जो लंबे समय से भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सवाल उठाता रहा है। सोमालियाई मूल की अमेरिकी सांसद इल्हान उमर को पाकिस्तान का हमदर्द माना जाता है। वे पहले भी कई बार कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की नाकाम कोशिशें कर चुकी हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इल्हान उमर ने कहा कि भारत से आने वाली रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि देश नरसंहार के आठवें चरण में है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया अब व्यवस्थित और सामाजिक स्तर तक फैल चुकी है।*

### भारत में सुरक्षित हैं अल्पसंख्यक

*केंद्र सरकार पहले भी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के आरोपों को खारिज कर चुकी है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में कहा था कि भारत दुनिया के सबसे सुरक्षित और समावेशी देशों में से एक है, जहां अल्पसंख्यक समुदाय सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि भारत के पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों को धार्मिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है और वे शरण के लिए भारत का रुख करते हैं।*

## चीन के सामने भारत को दी थी अहमियत

# अमेरिका ने सबसे बड़े सैन्य कमांड से 'इंडो' शब्द हटाया

*यह नाम कई बड़े युद्धों और महत्वपूर्ण मिशनों से जुड़ा रहा है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड का नाम बदलकर फिर से यूएस पैसिफिक कमांड कर दिया गया है। अब इस कमांड से 'इंडो' शब्द हटा दिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने 2018 में कमांड के नाम में बदलाव किया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि हिंद महासागर (इंडियन ओशियन) क्षेत्र का रणनीतिक महत्व बढ़ रहा है और यह क्षेत्र प्रशांत महासागर (पैसिफिक ओशियन) की सुरक्षा व्यवस्था से पहले की तुलना में ज्यादा जुड़ गया है। 2018 में अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस सैन्य कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड कर दिया था। अमेरिका का कहना था कि हिंद महासागर का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर की सुरक्षा और रणनीति एक-दूसरे से पहले से ज्यादा जुड़ गई हैं। इसलिए कमांड के नाम में इंडो (हिंद महासागर) को भी शामिल किया गया था। अमेरिकी सेना पूरी दुनिया को अलग-अलग क्षेत्रों में बांटकर चलती है। इनके लिए 11 कमांड हैं। इनमें से 6 स्ट्रैटेजिक और 5 फंक्शनल कमांड हैं। यूएस पैसिफिक स्ट्रैटेजिक कमांड का हिस्सा है। यह अमेरिका की सबसे बड़ी और सबसे अहम सैन्य कमांडों में से एक है। यह कमांड एशिया और प्रशांत महासागर इलाके में एक्टिव है।अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूएस पैसिफिक कमांड नाम बहुत पुराना और ऐतिहासिक है। इसे वापस लाने से सैनिकों को अपनी विरासत पर गर्व महसूस होगा। यह नाम कई बड़े युद्धों और महत्वपूर्ण मिशनों से जुड़ा रहा है, इसलिए इसे फिर से अपनाया गया है। पेंटागन ने यह भी कहा कि कमांड का सिर्फ नाम बदला है, रणनीति और जिम्मेदारियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि इंडो शब्द हटने से यह मैसेज जा सकता है कि अमेरिका हिंद महासागर और भारत को पहले जितना प्रमुख महत्व नहीं दिखाना चाहता।

### ट्रंप चीन को मानते थे सबसे बड़ा खतरा

अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप चीन को सबसे बड़ा खतरा मानते थे। तब वे दिखाना चाहते थे कि भारत उसकी एशिया रणनीति का अहम हिस्सा है और चीन को काउंटर करने में भारत की अहम भूमिका है। उन्होंने यह भी जताने की कोशिश की थी कि हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को एक ही रणनीतिक क्षेत्र हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अब शायद ट्रम्प की प्राथमिकताएं बदल गई हैं।

## अमेरिकी हमले में जान गंवाई थी

# दो भारतीय नाविकों के शव स्वदेश लाए गए,घर में मच गया कोहराम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान तट के पास एक पोत पर पिछले सप्ताह हुए अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों में से दो के शव बुधवार को स्वदेश ले जाए गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इससे एक दिन पहले पलाऊ के ध्वज वाले इस पोत एमटी सेटेबेलो से बचाए गए 21 भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया था। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में दुखद रूप से जान गंवाने वाले आदित्य



शर्मा और शिवानंद चौरसिया के शव भारत ले जाए गए हैं। हालांकि, दूतावास ने हमले में मारे गए तीसरे भारतीय नाविक पटनाला सुरेश के शव के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। भारतीय दूतावास ने कहा, दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं।

## कतर में बदला वीजा नियम!

# सख्तीः समय से ज़्यादा रुके तो रोजाना देना होगा तगड़ा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ दोहा

खाड़ी देश कतर में नौकरी और व्यवसाय करने वाले प्रवासी नागरिकों, विशेषकर हजारों भारतीय प्रवासियों के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। कतर सरकार ने अपने नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए रेजिडेंस परमिट रद्द होने के बाद देश में रुकने की अवधि (ग्रेस पीरियड) को आधा कर दिया है। गल्फ न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, अब प्रवासियों को वीजा रद्द होने के बाद देश छोड़ने या अपनी स्थिति को वैध करने के लिए महज 14 दिनों का समय मिलेगा, जो पहले



30 दिनों का हुआ करता था। इस बदलाव की घोषणा आंतरिक मंत्रालय के जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक वेबिनार में की गई। एयरपोर्ट पासपोर्ट विभाग के कप्तान अली अहमद अली अल कुवारी ने बताया कि जो कोई भी इस 14 दिन की अवधि के बाद कतर में अवैध रूप से रुकेगा, उसे 10 कतरी रियाल (लगभग 230 भारतीय रुपये) प्रतिदिन का जुर्माना देना होगा।

## गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन ने बता दिया रेस जीतने का मंत्र

# एआई की रेस में वही कंपनियां जीत रही हैं जिनके पास सबसे अच्छे एल्गोरिदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के सर्गेई ब्रिन सर्च इंजन कंपनी गूगल के को फाउंडर रहे हैं। ब्लूमबर्ग की टॉप 100 अमीरों की लिस्ट में सर्गेई ब्रिन दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 295 बिलियन डॉलर है। अमेरिका नागरिकता वाले सर्गेई ब्रिन मूल रूप से यहूदी परिवार से आते हैं। सर्गेई ब्रिन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि कंप्यूट तो डेजर्ट (मीठा) है। अभी एआई की रेस में वही कंपनियां जीत रही हैं जिनके पास सबसे ज्यादा चिप नहीं हैं, बल्कि जिनके पास सबसे अच्छे एल्गोरिदम हैं। सर्गेई ने कहा कि पिछले तीन सालों का पूरा इन्वेस्टमेंट थीसिस इस बात पर बना है कि कंप्यूट स्केलिंग ही सबसे बड़ी ताकत है। सोशल मीडिया एक्स पर एक यूजर ने यह वीडियो शेयर किया है।

### ब्रिन ने बता दिया-यह गलत पैमाना

*मार्केट अभी एआई में जीतने वाली कंपनियों की कीमत इस आधार पर तय कर रहा है कि किसके पास सबसे ज्यादा चिप्स हैं। ब्रिन ने बस यही कहा कि यह गलत पैमाना है। जो इसमें जीत रहे हैं, वे सबसे बड़ा डेटा सेंटर नहीं बना रहे हैं। वे गणित के जटिल सवालों को हल कर रहे हैं। हम बहुत कुछ करते हैं। सफलता पाने का एकमात्र तरीका है पहले कई असफलताओं का सामना करना। गूगल ने भी कई ऐसे प्रोडॅक्ट्स पर प्रयोग किए जो असफल रहे या बंद कर दिए गए, लेकिन उन असफलताओं ने कंपनी को नवाचार करने और आगे बढ़ने में मदद की।*

## रेल मंत्री वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

# पुणे-शिरडी एक्स. ट्रेन सेवा शुरू तीर्थयात्रा क्षेत्रीय संपर्क को मिलेगा और तेज बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे और शिरडी के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से पुणे-साईंनगर शिरडी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से अगले तीन वर्षों में पुणे रेलवे की क्षमता दोगुनी हो जाएगी। मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी



*राज्य के 129 पुनर्विकसित किए जा रहे स्टेशनों में से 93 का काम पूरा*

वर्चुअली शामिल हुए। रेल मंत्री ने बताया कि पुणे और उसके आस-पास के क्षेत्रों (जैसे हड़पसर, शिवाजीनगर, खड़की, उरुली और आलंदी) में रेल क्षमता बढ़ाने के लिए कई काम चल रहे हैं। पुणे जंक्शन का आधुनिकीकरण, अतिरिक्त प्लेटफॉर्मों का निर्माण, आकुरडी में एक मेगा कोचिंग टर्मिनल का विकास और उन्नत डिजिटल सिग्नलिंग सिस्टम लगाने से अगले साढ़े तीन वर्षों में लगभग 20 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। वैष्णव के अनुसार, मुंबई-पुणे तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के साथ-साथ प्रस्तावित मुंबई-पुणे और पुणे-हैदराबाद बुलेट ट्रेन परियोजनाएं महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगी। केंद्र सरकार ने राज्य की रेल परियोजनाओं के लिए 23,900 करोड़ आवंटित किए हैं। राज्य के 129 पुनर्विकसित किए जा रहे स्टेशनों में से 93 का काम पूरा हो चुका है।

## होर्मुज में बढ़ी जहाजों की आवाजाही से मिली रही राहत

# कामयाबीः ईरान के 3 तेल टैंकरों ने अमेरिका की नाकेबंदी को किया पार

इस माह सबसे ज्यादा मंगलवार को 14 जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे थे

*जंग से पहले करीब 130 जहाज प्रतिदिन गुजरते थे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बढ़ने लगी है। मैरीटाइम एनालिसिस फर्म विंडवर्ड ने बताया कि मंगलवार को 14 जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे, जो इस महीने का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा है। जो इस महीने का अब तक का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा है। इस



बढ़ोतरी को शिपिंग कंपनियों के बीच धीरे-धीरे लौटते भरोसे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत सूचीबद्ध एक जहाज 'सोफिया 1' ने भी होर्मुज स्ट्रेट को पार किया। इसे पहले अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा ईरान के तेल परिवहन नेटवर्क से जुड़े जहाजों में शामिल किया गया था और इस पर द्वितीयक प्रतिबंध भी लगाए गए थे। समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था टैंकरट्रैकर्स के मुताबिक, पीस डील ऐलान के बाद से ईरान का तीसरा तेल टैंकर अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी को पार कर गया। टैंकरट्रैकर्स ने बताया कि नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी (एनआईटीसी) का टैंकर सोनिया-1 करीब 10 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर रवाना हुआ था। इससे पहले इसी सप्ताह एनआईटीसी के दो टैंकर डायोना और हीरो-2 भी अमेरिकी नाकाबंदी पार कर निकले थे। इन दोनों जहाजों में कुल 38 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल लदा था। हालांकि, मौजूदा ट्रैफिक अभी भी युद्ध से पहले के स्तर से काफी कम है।

### जब तक खतरा है तब तक नहीं भेजेंगे जहाज

*विंडवर्ड ने कहा कि कई शिपिंग कंपनियां अभी भी पूरा भरोसा जुटा नहीं पाई हैं, वो इंतजार कर रही हैं। जहाज मालिकों का कहना है कि वे तब तक होर्मुज से जहाज नहीं भेजेंगे, जब तक जहाजों पर हमले का खतरा पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता।*

### 19 जून को लगेगी मुहर

*रविवार को ही अपने 80वें जन्मदिन पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पीस डील का ऐलान करते हुए 'समुद्री जहाजों को अपने इंजन शुरू करने और तेल की आपूर्ति निर्बाध रूप से बहने देने' का संदेश दिया था। एमओयू पर ईरान ने भी बयान दिया, फिर दोनों के बीच ई-साइन भी हुए। दोनों पक्ष मध्यस्थों के बीच जिनेवा में 19 जून को दस्तखत करेंगे।*

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शौर्य यात्रा

## जगह जगह विभिन्न समाजों ने किया स्वागत



**जबलपुर।** महाराणा प्रताप जयंती पर गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शाम को सिविक सेंटर चौपाटी से प्रारंभ हुई शौर्य यात्रा से हजारों की संख्या में क्षत्रिय बंधुओ और क्षत्राणी बहनें पगड़ी बांधकर शामिल हुए। शौर्य यात्रा सिविक सेंटर चौपाटी से प्रारंभ हुई और राजीवगांधी चौक, करमचंद्र चौक, अंजुमन चौक, मालवीय चौक, महाराणाप्रताप चौक (तीन पत्ती), होते हुए नगर निगम के सामने नेहरु उद्यान महाराणा प्रताप परिसर पहुंची, जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर आराध्य देव श्रीराम का पूजन अर्चन किया गया। शौर्य यात्रा में अश्वारोही दल, बैंड धमाल, के साथ मातृ शक्ति, संत महापुरुष, गणमान्य अतिथि के रुप में शामिल थे। शोभायात्रा का जगह-जगह समाज सिंधी, जैन, मुस्लिम, कायस्थ, सिक्ख, समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। शौर्य यात्रा में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता आर एन सिंह, पूर्व महापौर सुशीला सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यात्रा के संयोजक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर, लेखराज सिंह, राजमणि बघेल, युवराज सिंह, पूर्व महापौर श्रीमति सुशीला सिंह, श्रीमति यामिनी सिंह अन्नू, श्रीमति माला सिंह, प्रवेंद्र सिंह चौहान, उद्योगपति अजीत समदड़िया, इंजी.अशोक जैन, चमन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्यजन शामिल थे। शौर्य यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सभी क्षत्राणि, बंधु और बहनें पगड़ी बांधकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। ड्रेस कोड शोभा यात्रा का विशेष आकर्षण रहा। यात्रा में न केवल क्षत्रिय समाज बल्कि अन्य समाज के लोग शामिल होकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## समरसता सेवा संगठन ने किया स्वागत

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती के अवसर पर क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में निकाली गई शौर्य यात्रा का समरसता सेवा संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मढ़ाताल गुरुद्वारे के समीप आयोजित स्वागत कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, संगठन अध्यक्ष पवन पांडे और सचिव मनोज सेठ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा शोभायात्रा में शामिल गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में राजीव राठौर, आलोक पाठक, बालकृष्ण पटेल, श्रीकांत साहू, देशराज सिंह ठाकुर, रोमिल जैन भारतीय, कुलदीप सेन, लालू यादव, सुरेंद्र शर्मा, रामेश्वर चौधरी, वासु जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



## जीसीएफ विद्यानगर मैदान में क्रिकेट प्रैक्टिस नेट और बास्केटबॉल कोर्ट का हुआ उद्घाटन

**जबलपुर।** गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) के विद्यानगर मैदान में कर्मचारियों के खेल एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट प्रैक्टिस नेट और बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ने की। इस अवसर पर स्पोर्ट्स ऑफिसर उदयवीर के सहयोग से तैयार की गई इन खेल सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए मजदूर संघ हथौड़ा समर्थित कार्य समिति द्वारा लगातार यह मुद्दा प्रबंधन के समक्ष उठाया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप आज इन सुविधाओं का शुभारंभ संभव हो सका। मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ने कहा कि खेल गतिविधियां कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सुविधाओं से कर्मचारियों और उनके परिवारों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वहीं मजदूर संघ हथौड़ा समर्थित कार्य समिति ने प्रबंधन और स्पोर्ट्स विभाग का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राहुल चौधरी, महाप्रबंधक श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी कुलवीर पांडे सहित यूनियन पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीआरपी जबलपुर ने चोरी के दो मामलों का किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और नकदी बरामद



**जबलपुर।** रेलवे पुलिस (जीआरपी) जबलपुर ने यात्रियों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। जीआरपी द्वारा दर्ज प्रकरण क्रमांक 252/26 धारा 305(सी) बीएनएस में प्राप्त सीडीआर के आधार पर आरोपी विपिन कुमार बढ़ई (26), निवासी ग्राम मोहन टोला, पोस्ट विजयराघवगढ़, थाना कैमोर, जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी का वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, कीमत लगभग 16,500 रुपये, बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह मोबाइल रवि तिवारी उर्फ राका से 1,000 रुपये में खरीदा था। इसके बाद मुख्य आरोपी रवि तिवारी उर्फ राका (33), निवासी भूमकेश्वर धाम, कलहरा नन्हारा कला, थाना कैमोर, जिला कटनी को रेलवे स्टेशन मदनमहल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में रवि तिवारी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने लगभग 3–4 माह पूर्व इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच से एक यात्री का रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी किया था। उसकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 9,000 रुपये आंकी गई। जीआरपी ने बताया कि आरोपी के पास से मोबाइल बिक्री से प्राप्त 1,000 रुपये में से बची 500 रुपये की नकदी भी जब्त की गई है। दोनों मामलों में कुल 25,500 रुपये मूल्य के मोबाइल फोन और नकदी बरामद किए गए हैं। आरोपी रवि तिवारी के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी और लूट से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। उसके खिलाफ विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई गुहार



**जबलपुर।** शहपुरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद रिपोर्ट दर्ज न होने से परेशान एक युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता मोहित प्रधान ने आरोप लगाया है कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल उनके पिता रामजी प्रधान के मामले में कई बार प्रयास करने के बावजूद शहपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मोहित ने बताया कि 11 जून की रात उनके पिता मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी किसरौद टोल नाके के पास एक कार चालक ने कथित रूप से रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामजी प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जबलपुर के मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मोहित प्रधान का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराने जब वह एम्बुलेंस से घायल पिता को लेकर शहपुरा थाने पहुंचे तो पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी न होने का हवाला देते हुए उन्हें वापस भेजने की बात कही। इसके बाद घायल को भी थाने लाया गया, जहां वह करीब तीन घंटे एम्बुलेंस में ही रहे, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि पुलिस ने वाहन मालिक से पूछताछ का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी और दो दिन बाद आने को कहा। इस दौरान घायल की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप कर शहपुरा थाने को सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की है। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।




## ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित

**जबलपुर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं ओलंपिक संघ जबलपुर एवं कजरवारा स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में 1 मई से 14 जून तक कबड्डी एवं एथलेटिक का ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 107 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं खेलों की जानकारी राजेन्द्र यादव के द्वारा दी गई। उपस्थित अतिथियों के द्वारा समस्त खिलाड़ियों को पुरस्कारों का वितरण किया गया, जिसका समापन समारोह 14 जून को सायं 07:00 बजे केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी एवं भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, क्षेत्र की पार्षद कृष्णा दास चौधरी, एड. विमला अहिरवार, नकुल गुप्ता, विनोद जायसवाल, आशीष चैधरी, मंतो पह., दीपक पह. आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र यादव के द्वारा किया गया।

# यूएन वूमेन सेफ सिटी प्रोजेक्ट में शामिल हुआ जबलपुर

## महिला सुरक्षा के लिए तैयार हुआ मास्टर प्लान



**जबलपुर।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में संस्कारधानी जबलपुर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित "सेफ सिटीज एंड सेफ पब्लिक स्पेस फॉर वूमेन" प्रोजेक्ट के लिए भारत से एकमात्र शहर के रूप में जबलपुर का चयन हुआ है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अगुवाई में यूएन वूमेन और नगर निगम के तत्वावधान में मानस भवन के लघु सभागार में आयोजित कार्यशाला में महिला सुरक्षा को लेकर विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया गया। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, एमआईसी सदस्य एवं महिला पार्षदों सहित यूएन वूमेन की टीम मौजूद रही।कार्यशाला में शहर की महिलाओं ने सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें मास्टर प्लान में शामिल किया जा रहा है। इसमें शहर के अंधेरे और सुनसान इलाकों में आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग, नशे की गतिविधियों पर रोक के लिए नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, तथा कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शामिल है। इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी बसों, टैक्सियों और ऑटो में जीपीएस सिस्टम लगाने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यूएन वूमेन की ओर से प्रतिनिधियों ने जबलपुर नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक मॉडल प्रोजेक्ट बताया। महिला पार्षदों ने शहर को सुरक्षित और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।



## एमपी ट्रांसको की प्रोग्रामर कल्पना धुर्वे परस्ते ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के आईटी-ईआरपी सेल जबलपुर में पदस्थ प्रोग्रामर कल्पना धुर्वे परस्ते को आईटी एवं ईआरपी प्रणालियों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कंपनी के राज्य स्तरीय "ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया। मुख्यालय जबलपुर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि एमपी ट्रांसको अपनी कार्यप्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विगत तीन वर्षों में श्रीमती कल्पना ने कर्मचारियों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ईआरपी प्रणालियों का प्रशिक्षण देने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से कंपनी के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग एवं कार्यदक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

# जनकल्याण शिविर में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

## आज अंतिम दिन सभी 16 संभागों में शिविर जारी



**जबलपुर। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर के सभी 16 संभागों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सैकड़ों हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिला।**

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जनकल्याण योजना शिविर आज 18 जून को भी सभी संभागों में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी संभाग कार्यालय पहुंचकर इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। घमापुर रामलीला मैदान में आयोजित शिविर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर उपस्थित रहे और हितग्राहियों से चर्चा की। महापौर ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। शिविरों में हेल्प डेस्क और रजिस्ट्रेशन काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहां एक ही स्थान पर समग्र ई-केवाईसी, पहचान दस्तावेजों का अपडेट, पेंशन आवेदन, संबल योजना, पीएम स्वनिधि एवं अन्य योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट पंजीयन किया जा रहा है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, पार्षद विमल राय, गोवर्धन कश्यप, अंजना मनीष अग्रहरि, वर्षा मुकेश बिरहा, मंडल अध्यक्ष अमित राय, ऋषि सोनकर, पूर्व पार्षद मुंशी प्रजापति, विक्की चौधरी, संजू ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पश्चिम मध्य रेल में कैशलेस ट्रांजेक्शन से मई माह में 14 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित

**जबलपुर।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैशलेस ट्रांजेक्शन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल भी डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में पीआरएस (Passenger Reservation System) एवं यूटीएस (Unreserved Ticketing System) काउंटरों पर यूपीआई, भीम ऐप, मोबाइल टिकटिंग एवं पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के दूसरे माह मई में पश्चिम मध्य रेल ने कुल 15,16,423 यात्रियों से ₹14,13,15,304 का कैशलेस ट्रांजेक्शन कर राजस्व अर्जित किया। पीआरएस काउंटरों पर पीओएस मशीनों से ₹12,16,395 तथा यूपीआई/भीम ऐप के माध्यम से ₹5,54,84,864 का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यूटीएस प्रणाली में मोबाइल टिकटिंग से ₹1,71,22,315 तथा यूपीआई/भीम ऐप से ₹6,74,91,730 का राजस्व दर्ज किया गया। रेलवे ने बताया कि डिजिटल भुगतान से यात्रियों को नकदी ले जाने की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे समय की बचत के साथ-साथ लेन-देन में पारदर्शिता और सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। सभी डिजिटल माध्यम उन्नत एन्क्रिप्शन तकनीक से सुरक्षित हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, **TAI LAXMAN MISAL** Wife of **4581240W** Rank **HAV** Name **MISAL LAXMAN KAKA** presently, residing at **JUNA JALGAV RASTA, BODHEGAON, AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414503** I, have changed of my name from **TAI** (Name as per my Husband, Army service records) to **TAI LAXMAN MISAL** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6888 6746 9416)** vide affidavit dated **17/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**TAI LAXMAN MISAL**
**INCORRECT NAME-TAI**

**CHANGE OF NAME**

**I, ARMY NO. 4581240W** RANK **HAV** NAME **MISAL LAXMAN KAKA S/O KAKA MISAL** Presently residing at **JUNA JALGAV RASTA, BODHEGAON, AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414503 AADHAR CARD No. 6782 6239 0131** I, have changed name of my **DAUGHTER** from **SHRUTI** (Name as per my Army Service Records) to **SHRUTI LAXMAN MISAL** (Name as per my **DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 5801 0476 1643)** vide affidavit dated **17/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**SHRUTI LAXMAN MISAL**
**INCORRECT NAME-SHRUTI**

**CHANGE OF NAME**

I, **VIMAL MISAL** Mother of **4581240W** Rank **HAV** Name **MISAL LAXMAN KAKA** presently, residing at **JUNA JALGAV RASTA, BODHEGAON, AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-414503** I, have changed of my name from **VIMAL** (Name as per my son, Army service records) to **VIMAL MISAL** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4893 3848 5922)** vide affidavit dated **17/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME -VIMAL MISAL**
**INCORRECT NAME-VIMAL**

**CHANGE OF NAME**

I, **KAKA MISAL** Father of **4581240W** Rank **HAV** Name **MISAL LAXMAN KAKA** presently, residing at **JUNA JALGAV RASTA, BODHEGAON, AHMADNAGAR, MAHARASHTRA - 414503** I, have changed of my name from **KAKA** (Name as per my son, Army service records) to **KAKA MISAL** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4839 8625 8019)** vide affidavit dated **17/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME-KAKA MISAL**
**INCORRECT NAME-KAKA**

**CHANGE OF NAME**

**I, ARMY NO. 4584049A** RANK **HAV NAME ATIP KUMAR S/O SANTOSH KUMAR** presently, residing at **VILL - FUTARA, PO - CHINDA, TEH PARASIA, DISTT - CHHINDWARA, (MP)- 480441** I, have changed name of my **SON** from **ARYAN SURYAWNSHI** (Name as per my Army Service Records) to **ARYAN SURYAWANSHI** (Name as per my **SON, AADHAR CARD NO. 2910 8801 1539 AND BIRTH CERTIFICATE)** vide affidavit dated **17/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**ARYAN SURYAWANSHI**
**INCORRECT NAME**
**ARYAN SURYAWNSHI**